दिनांक 04.08.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के महापौर परिषद की बैंठक महापौर परिषद के सदस्य श्री दीवाकर भारती की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कुल 5 विषयों पर चर्चा की गई।

महापौर परिषद की बैठक में मुख्य रुप से प्रस्ताव क्रमांक 1. राज्य परिवर्तित योजनान्तर्गत वार्ड 29 बापू नगर तालाब का सौन्दर्यीकरण कार्य। 2. संचार क्रान्ति योजनान्तर्गत मोबाईल नेटवर्क के विस्तार हेतु टावर स्थापना के लिए भूमि का किराया निर्धारण बाबत्। 3. वर्ष 2018–2019 में निगम क्षेत्र के अंतर्गत स्थित उद्यानों के रखरखाव/संधारण हेतु श्रमिक/माली प्रदाय कार्य। 5. नवीन मुख्यमंत्री पेंशन योजना के 4 हितग्राहियों को प्रतिमाह 350.00 की दर से व्यय की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति हेतु में चर्चा की गई जिसे महापौर परिषद के सदस्यों ने चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से पारित किया। बिन्दु क्रमांक 04 मिशन अमृत अंतर्गत भिलाई जलप्रदाय योजना फैस–02 अंतर्गत निजी नल कलेक्शन दिये जाने के संबंध में पूर्ण रुप से चर्चा नहीं हो पाई शेष 4 बिन्दुओं को पारित किया गया।

महापौर परिषद की बैठक में महापौर परिसद के सदस्य सूर्यकान्त सिन्हा, जोहन सिन्हा, नरेश कोठारी, दुर्गा प्रसाद यादव, श्रीमती सुशीला देवांगन, सोसन लोगन, सदीरन बानो आदि उपस्थित थे।

जन सम्पर्क अधिकारी